# झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची
# JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL, RANCHI

## मध्यमा परीक्षा, 2020 के लिए पंजीयन एवं परीक्षा आवेदन प्रपत्र जमा करने संबंधी सूचना

**विज्ञप्ति संख्या - 07/2020**

एतद् द्वारा मध्यमा परीक्षा 2020 के लिए पंजीकृत होने वाले सभी छात्र–छात्राओं, अभिभावकों, प्रधानाध्यापकों एवं संबंधित पदाधिकारियों को सूचित किया जाता है कि पंजीयन एवं परीक्षा आवेदन प्रपत्र निम्न कार्यक्रम के अनुसार परिषद् के वेबसाइट www.jac.jharkhand.gov.in के माध्यम से ऑनलाईन स्वीकार किए जायेंगे:–

| शुल्क विवरणी | ऑनलाइन प्रपत्र भरने एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी के पास **Online submit** करने की तिथि | जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा प्रपत्र **approve** करने की तिथि | चालान जेनरेट करने की अंतिम तिथि | चालान के माध्यम से बैंक में शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| विलम्ब शुल्क रहित | 17.02.2020 से 07.03.2020 तक | 18.02.2020 से 07.03.2020 तक | 07.03.2020 | 13.03.2020 |
| विलम्ब शुल्क सहित | 08.03.2020 से 14.03.2020 तक | 09.03.2020 से 14.03.2020 तक | 14.03.2020 | 16.03.2020 |

उक्त निर्धारित तिथि के पश्चात् पंजीयन एवं परीक्षा आवेदन प्रपत्र जमा करने की कार्रवाई नहीं की जाएगी।

ऑनलाइन पंजीयन एवं परीक्षा प्रपत्र भरने के **Steps निम्नवत् है:-**

- विद्यालय प्रधान परिषद् के वेबसाइट पर उपलब्ध पंजीयन एवं परीक्षा फार्म को डाउनलोड कर सभी छात्रों को देंगे। उक्त फॉर्म में सभी छात्र अपनी विवरणी भरकर संस्कृत विद्यालय में जमा करेंगे।
- विद्यालय प्रधान अपने विद्यालय का Login ID एवं Password अपने जिले के जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय से दिनांक 14.02.2020 से प्राप्त कर सकेंगे।
- सभी छात्रों का Form भरने के बाद शुल्क जमा करने हेतु Challan generate करना अनिवार्य होगा। उक्त चालान Allahabad bank के किसी भी शाखा में जमा किया जा सकेगा।
- **शुल्क जमा करने के दो दिनों के पश्चात् छात्र/छात्राओं की समेकित विवरणी, छात्र द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित Checklist, Consolidated Statement, चालान रसीद एवं अन्य सभी संबंधित कागजात परिषद् कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा।**

## शुल्क की विवरणी

| पंजीयन शुल्क ( प्रति छात्र/छात्रा) | |
|---|---|
| शुल्क का नाम | शुल्क |
| पंजीयन आवेदन प्रपत्र | 80/– |
| पंजीयन शुल्क (नियमित) | 90/– |
| पंजीयन शुल्क (स्वतंत्र) | 400/– |
| अनुमति शुल्क (स्वतंत्र) | 500/– |
| पंजीयन विलम्ब शुल्क | 300/– |

| परीक्षा शुल्क ( प्रति छात्र/छात्रा) | |
|---|---|
| शुल्क का नाम | शुल्क |
| परीक्षा आवेदन पत्र शुल्क | 80/– |
| परीक्षा शुल्क | 125/– |
| अंक पत्र शुल्क | 90/– |
| लोकल लेवी | 200/– |
| औपबंधिक प्रमाण पत्र–सह–प्रवजन प्रमाण पत्र शुल्क | 90/– |
| विविध शुल्क | 30/– |
| व्यावहारिक परीक्षा शुल्क प्रति विषय (गृह विज्ञान, संगीत) | 30/– |
| बिलम्ब शुल्क (एक मुश्त) | 250/– |

**आवश्यक निर्देश**

1. स्वतंत्र छात्र/छात्राओं के लिए सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत आवासीय प्रमाण पत्र, आचरण प्रमाण पत्र एवं आयु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र अनिवार्य रुप से प्राप्त करना होगा।
2. निर्धारित तिथि के पश्चात् किसी भी परिस्थिति में पंजीयन आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।
3. दिनांक 31.03.2006 के बाद की जन्म तिथि वाले छात्र/छात्राओं का पंजीयन रद्द कर दिया जायेगा।
4. मध्यमा परीक्षा, 2020 के लिए वर्ष 2017 के पंजीयन की मान्यता दी जायेगी। 2017 के पूर्व परीक्षार्थियों को पुन:पंजीयन करवाना अनिवार्य होगा। अगर वर्ष 2017 के पूर्व के पंजीयन के आधार पर परीक्षा आवेदन पत्र भरा जाएगा तो उसे रद्द कर दिया जायेगा, जिसकी सारी जिम्मेवारी विद्यालय प्रधान की होगी।
5. राजकीय/अनुदानित एवं प्रस्वीकृति प्राप्त संस्कृत उच्च विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को स्वतंत्र छात्र/छात्राओं के पंजीयन एवं अनुमति आवेदन पत्रों को अग्रसारित करने के लिए अधिकृत किया जाता है।
6. वैसे संस्कृत उच्च विद्यालयों, जिन्हें अस्थायी/स्थायी स्थापना अनुमति हेतु परिषद् द्वारा विभाग को अनुशंसा भेज दी गई है, विज्ञप्ति संख्या 65/2007 का अनुपालन करेंगे, साथ ही वैसे विद्यालय के छात्रों को स्वतंत्र छात्र के रूप में पंजीयन शुल्क देय होगा।

सत्र 2019–2020 की मध्यमा परीक्षा सरकार द्वारा पुनरीक्षित पाठ्यक्रम के अनुसार ली जाएगी।

**अध्यक्ष के आदेश से,**
**ह./- (महीप कुमार सिंह)**
**सचिव,**
**झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची।**

JAC/मध्यमा/5310/19-SECY/72/20, Dt. 13.02.2020
D.O.P. 14.02.2020